हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 19 अगस्त 2025



## नेशनल हाईवे में देर रात हुआ हादसा, तेज रफ्तार ट्रक ने मारी ठोकर

# सड़क पर आधा दर्जन मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय राजमार्ग में इंदामारा चौक के समीप देर रात अज्ञात ट्रक की ठोकर से सड़क पर बैठी मवेशियों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि एक के बाद एक मवेशी ट्रक की चपेट में आती चली गई। जिससे गाय, बछड़े सहित 9 मवेशियों की मौत हो गई।



बताया जा रहा है कि ढाबे के ठीक सामने मवेशी सड़क के किनारे बैठी हुई थी। इस दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक द्वारा ओवरटेक करते मवेशियों को अपनी चपेट में लिया गया। इस हादसे में घटनास्थल पर ही सड़क पर बैठी मवेशियों की मौत हो गई। उक्त घटना रात लगभग 2.30 बजे के आसपास की बताई जा रही है। सुबह लोगों ने मवेशियों को सड़क पर मृत अवस्था में देखा और पुलिस प्रशासन को मामले की सूचना दी। ट्रक की तेज रफ्तार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ट्रक की चपेट में आई मवेशियां कुछ दूर तक ट्रक के साथ ही घसीटते हुए चली गई।

### सड़क पर जमघट

बारिश के दिनों में सड़क पर मवेशियों का जमघट नजर आता है। सड़क से मवेशियों को हटाने के लिए निगम क्षेत्र में समय-समय पर कार्रवाई की जाती है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में नेशनल और स्टेट हाईवे पर बैठी मवेशियों को हटाने के लिए किसी प्रकार का अभियान दिखाई नहीं देता है। जिसकी वजह से सड़क हादसों में मवेशियों की जान जा रही है।

### ट्रक की तलाश जारी

ट्रक से दुर्घटनाग्रस्त होकर मवेशियों की मौत के मामले में सीएसपी पुष्पेंद्र नायक का कहना है कि मृत मवेशियों को सम्मानपूर्वक दफनाया गया है। वहीं सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अज्ञात ट्रक और चालक की तलाश की जा रही है। जिसके खिलाफ विधिवत कार्रवाई होगी। इसके लिए संबंधित थाने को भी निर्देशित किया गया है।

### सड़क पर पसरा अंधेरा

हादसे की सूचना मिलने पर सुबह सीएसपी पुष्पेंद्र नायक और नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान जेसीबी की मदद से मवेशियों के शव को सड़क से उठाकर काऊकेचर वाहन के जरिये ले जाया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई जगह अंधेरा पसरा हुआ है। जिसके चलते भी हादसे हो रहे हैं। वहीं शहर के रेलवे ओवरब्रिज पर भी एक साइड की पूरी स्ट्रीट लाइट बंद है, जिसे सुधारा नहीं जा रहा है। सड़क पर अंधेरा होने की वजह से सड़क पर बैठी मवेशी नजर नहीं आती है। जिसके चलते मवेशी और वाहन चालकों की जान पर बनी हुई है।

# अवैध रूप से गांजा बिक्री, दो गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** मकान में अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री करने के मामले में पुलिस ने मौके पर दबिश देकर दो आरोपियों के कब्जे से 562 ग्राम गांजा एवं नगदी रकम के साथ ही गांजा तौलने में उपयोग की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन जब्त कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 18 अगस्त को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि रामनगर मदरसा रोड स्थित मकान में आरोपी महिला अपनी सहयोगी महिला के साथ मिलकर अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बेच रही है।

**पुलिस ने की कार्रवाई-** आरोपियों का कृत्य धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट का पाए जाने से मौके पर गिरफ्तार कर कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव, सहायक उप निरीक्षक इब्राहिम खान, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, महिला प्रधान आरक्षक धनसिर, प्रधान आरक्षक सुरेंद्र रामटेक, आरक्षक मनोज जैन, मिर्जा असलम, आदित्य सोलंकी, सुनील बैरागी, तामेश्वर भुआर्य एवं चौकी चिखली स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

### पालीथिन में भरा था गांजा

सूचना पर पुलिस टीम गवाहों के साथ रवाना होकर मुखबीर के बताए स्थान पर पहुंचकर आरोपियों के मकान को चारों तरफ से घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। रेड कार्रवाई के दौरान आरोपियों से नाम-पता पूछने पर उपरोक्त अनुसार अपना नाम व पता बताए। जिनके घर की तलाशी लेने पर एक ग्रे कलर के स्कूल बैग में पॉलीथिन में भरा हुआ 562 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 6300 रुपए, बिक्री की नकदी रकम 16700, गांजा तौलने का इलेक्ट्रॉनिक मशीन, गांजा पीने का 3 नग चिलम एवं सेलो टैप प्राप्त हुआ, जिसे मौके पर विधिवत कार्रवाई करते जब्त किया गया।












## खबर संक्षेप

### शिशुमंदिर में जन्माष्टमी की रही धूम



**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में कृष्ण जन्माष्टमी और गोविंदोत्सव का आयोजन किया गया । शिशु मंदिर के भैया बहनों ने राधा कृष्ण का रूप धारण कर पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात दही लुट का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में भैया बहनों ने दही लूट में हिस्सा लिया। पटेवा के कर्मा माता मंदिर प्रांगण में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रामनाम सप्ताह एवं दूसरे दिन दही लूट का आयोजन किया गया। इस मौके पर मटका फोड़, सुरीली कुर्सी दौड़, रस्सीकसी का भी आयोजन हुआ। शीतला चौक की टीम ने दही हांड़ी लूट कर 16 हजार हासिल किया। इस दौरान संरक्षक तरुण कुमार दुबे, प्रशांत वर्मा, नितिन साहू, बिल्लू साहू, सरपंच लक्ष्मीविलाल वर्मा, उपसरपंच बिरेन्द्र हिरवानी, बीएल हिरवानी, बल्देव वर्मा, प्रमोद दुबे, हरिशंकर साहू सहित बड़ी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे।



### अधिकारी-कर्मचारी 22 को करेंगे आंदोलन

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने आगामी 22 अगस्त को एक दिवसीय हड़ताल करने का निर्णय लिया है। आंदोलन को लेकर गत दिनों विश्रामगृह में तैयारी बैठक रखी गई। फेडरेशन के ब्लॉक संयोजक भेलसिंह वर्मा की अध्यक्षता में रणनीति बनाई गई। मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे ने बताया कि फेडरेशन ने 16 जुलाई को 11 सूत्रीय मांगों का सीएम और सीएस के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। अब दूसरे चरण में आगामी 22 अगस्त को एक दिवसीय हड़ताल किया जाएगा। सरकार मांगों को नहीं मानती है तो तीसरे चरण में अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। फेडरेशन के महामंत्री डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने सभी संगठनों से 22 अगस्त को सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल में शामिल होने का आव्हान किया है। बैठक में शामिल सभी संगठनों ने एकमत होकर हड़ताल को समर्थन दिया। बैठक में अमित वैष्णव, संतोष देवांगन, भीषम ठाकुर, राकेश सिन्हा, लक्ष्मी देवांगन, धनलक्ष्मी महोबिया, मीनाक्षी हेमने, धन्नूलाल महोबिया, श्रीनिवासन राव, टीके दुबे सहित कई संगठनों के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।



### दही लूटने निकले युवा

**चिचोला।** ग्राम में कृष्ण जन्माष्टमी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जगह जगह दही हांडी का आयोजन रखा गया। माँ शीतला युवा समिति के सदस्य ने भजन कीर्तन करते हुए गली भ्रमण किया। बस स्टैंड में आस पास के ग्रामीण बड़ी संख्या में दही लूट देखने पहुंचे।

### दही लूट में कौड़ीकसा के युवा विजेता

**मोहला।** कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर गुरुर में आयोजित दही लूट में ग्राम पंचायत कौड़ीकसा के युवाओं ने खिताब हासिल किया। विजेता युवाओं को आयोजकों ने 51 हजार तथा शील्ड प्रदान किया। इस प्रतियोगिता में कौड़ीकसा सोनझरी पारा के सुरेंद्र मरकाम, धर्मेंद्र मरकाम, देवीलाल मंडावी, यशवंत मरकाम, बहादुर, बिश्वेश्वर, किशन मंडावी, दिनेश गावडे, कचारू, करण, गोलू, महेन्द्र, दिनेश, जितेन्द्र, बृजेश आदि शामिल हुए। ग्राम प्रमुखों ने विजेता टीम को बधाई दी है।

### सौर बिजली पर कार्यशाला आज

**डोंगरगढ़।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन कृषि उपज मंडी परिसर में कल 19 अगस्त को 11 बजे से रखा गया है। कार्यशाला में योजना के अधिकृत वेंडर शामिल होकर योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी देंगे। उत्सुक आवेदकों का पंजीयन किया जाएगा।

### प्रतिभावान छात्रों का सम्मान

**बांधाबाजार।** गुंडेरदही के सरपंच रवि नेताम के नेतृत्व और ग्रामवासियों की उपस्थिति में गत दिनों कक्षा 5, 8, 10 और 12वी के प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्री नेताम ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है, ताकि वह अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत रहें।इस मौके पर कक्षा 12 वी की आकांक्षा साहू, 10वी के चंद्रेश सिन्हा, 8 वीं की वेदिका सिन्हा, 5 वीं की देविका वाडेकर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सचिव फूलकूँवर मंडावी, कैलाश सिन्हा, शिक्षक आदि मौजूद थे।



### श्रद्धा से मना हलषष्ठी पर्व



**बांधाबाजार।** अंचल में हलषष्ठी का उल्लास से पर्व मनाया गया। महिलाएं संतान की दीर्घायु एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए व्रत रखा। पर्व के एक दिन पहले महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगाया। याचिका साहू ने बताया कि इस दिन पसहर चावल का उपयोग किया जाता है। शारदा साहू ने बताया कि पर्व के मौके पर महिलाओं ने सगरी बनाकर गौरी- गणेश, कलश एवं हलषष्ठी देवी की पूजा किया। हलषष्ठी माता की छह कहानी का श्रवण कर पूजन किया गया। इस दौरान माताओं ने संतान की पीठ पर हल्दी से भीगा पोता मारा। इस दौरान रुचि, किरण, पुष्पा आदि महिलाएं मौजूद थी।

---

### बिजली की अनियमित सप्लाई से जनजीवन अस्त-व्यस्त

# सप्लाई आधी, बिल ज्यादा लोगों में पनप रहा आक्रोश

## ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

बिजली के दाम लगातार बढ़ते जा रहे है वहीं विद्युत कंपनी की सेवा में गिरावट देखा जा रहा है। आए दिन शहर और गांवों में बिजली कटौती होने से लोगों में आक्रोश पनपने लगा है।

जानकारी के अनुसार ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम मनेरी, गनेरी, जामसरारकला, गुंगेरी नवागांव, बरगांव में आए दिन विद्युत कटौती होते रहती है। बिजली के बार बार आने जाने से पेयजल सप्लाई बाधित हो रही है वहीं घरेलू कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। बिजली की आंख मिचौली से परेशान हो चुके ग्रामीणों ने 18 अगस्त को जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष टिकेश साहू के साथ विद्युत कार्यालय पहुंचकर जेई पिस्दा को स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त करने की मांग की। जेई पिस्दा ने आगामी तीन दिन के भीतर व्यवस्था दुरूस्त करने का आश्वासन दिया।



#### शहर के लोग भी हलाकान

बिजली की आंख मिचौली से केवल गांव के लोग ही नहीं बल्कि अनुविभागीय मुख्यालय के नागरिक भी बीते कई दिनों से परेशान है। आए दिन पोल शिफ्टिंग के अलावा मेंटनेंस के नाम पर घंटों बिजली गुल रहती है साथ ही आए दिन जब तक बिजली आते जाते रहती है। गर्मी के दिनों घंटो बिजली गुल कर मेंटनेंस करने के बाद भी इन दिनों बारिश होने पर बिजली गुल होना आम बात हो गई है जिसे लेकर नागरिक सोशल मीडिया में कंपनी के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने के साथ अपनी भड़ास निकाल रहे रहे हैं। बिजली की अनियमित आपूर्ति को लेकर लोगों में गुस्सा पनप रहा है जो कभी भी बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है।

#### आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने निर्धारित तीन दिन की अवधि में विद्युत व्यवस्था के नहीं सुधरने पर डोंगरगांव-राजनांदगांव रोड पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी है। इस दौरान सरपंच भीषम कुमार, राजू निषाद, भानुप्रताप, गजेन्द्र, कुमारराम, फागूराम, नरेश, सुखराम, देवकुमार, पवनकुमार, यशकुमार, जिवराखन, ओमकार, ईमन, लतखोर, हुकुम, भीखमदास सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

---

# शिक्षकों ने शुरू की नि:शुल्क कोचिंग सुविधा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई और आसपास के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों ने एक सराहनीय पहल करते हुए छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग देना शुरू किया है। इसी क्रम में प्रयास विद्यालय में प्रवेश के चयनित छात्रों और अभिभावकों की बैठक 16 अगस्त को नवीन स्कूल में आयोजित की गई।

बैठक में शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों की कोचिंग से संबंधित नियम और शर्तों की जानकारी दी। एक प्रमुख शर्त यह रखी गई कि बच्चों के आने-जाने की पूरी जिम्मेदारी पालकों की होगी। इसके अलावा शिक्षकों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के महत्व और उनकी उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक जानकारियाँ भी साझा की।

#### नि:शुल्क मिलेगी कोचिंग

शिक्षक भागचंद साहू ने बताया कि सोमवार से शनिवार तक सुबह 7 से 9 बजे तक फ्री कोचिंग दिया जाएगा। रविवार को सुबह 8 से 12 बजे तक कोचिंग दिया जाएगा। बच्चों को लाने ले जाने की जिम्मेदारी एवं जरूरी पुस्तक कापियों की जिम्मेदारी पालकों की होगी।

#### शिक्षकों ने उठाया बीड़ा

बैठक में कौशल राजपूत, राजेश श्रीवास्तव, मुकेश कश्यप, योगेन्द्र कश्यप, भागचंद साहू, पूर्णेश वैष्णव, दीपक मिश्रा, पुनेश्वर देवांगन, गांधीराम साहू, शेख कलीम, लोमश पटेल, लालाराम मेरावी, चैतराम वर्मा, खेमलाल जंघेल, मायाराम राठौर, टोपकुमार जंघेल, सीता साहू, टार्जन नेताम, शिव श्रीवास्तव, उज्जवल नामदेव, भिखेन्द्र जंघेल सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

---

## छात्र परिषद ने संभाला पदभार



**लाल बहादुर नगर।** अजीज पब्लिक स्कूल रामाटोला में गठित छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह गत दिनों आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शाला नायक जुनैद, शाला नायिका लक्ष्मी साहू, नामदेव साहू, नोमिता साहू, कंचन खोबरागड़े, अर्शिया खान, रिज़वान कुरैशी तथा चारों सदनों के सदस्यों को शपथ ग्रहण किया। मुख्य अतिथि जोनल एकेडमिक कोऑर्डिनेटर अश्वनी साहू थे। उप प्राचार्य तन्मय शर्मा ने चयनित छात्र छात्राओं को बधाई दी।

---

# प्रकृति के सच्चे पूजक हैं आदिवासी: मधु

- बादराटोला में आदिवासी दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुमर्दा

आदर्श शहीद ग्राम बादराटोला में गत दिनों सर्व आदिवासी समाज एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव थे। श्री यादव के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोशीला स्वागत किया।

इस मौके पर उन्होंने संबोधित करते हुए गांव को परिवार के समान बताते हुए कहा कि सभी के आपसी संबंध होते हैं सभी एक दूसरे का सहयोग करते हैं। गांव के मामलों में सभी मिलकर निर्णय लेते है जो बड़ी बात है। श्री यादव ने आदिवासियों को प्रकृति से जुड़ा बताते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन प्रकृति के इर्द-गिर्द बुना होता है। उनके त्यौहार भी प्रकृति से जुड़े होते हैं।



#### शिक्षा और एकता पर जोर

अध्यक्षता कर रहे एमडी ठाकुर, विशेष अतिथि रविंद्र वैष्णव, जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष हिरेंद्र कुमार साहू ने समाजिक एकता और शिक्षा पर विशेष जोर दिया। इस मौके पर हृदय देवांगन, अनिरुद्ध चंद्राकर, भेषबाई साहू, आलोक मिश्रा, कोमलसिंह, दिग्विजय साहू, दिनेश कुमार, उदयराम चंद्रवंशी, दिलेश्वर कौशिक, दयाराम कौशल, विदेश कुमार, देव गणपत चंद्रवंशी, नागेश्वर चंद्रवंशी, कालीराम चंद्रवंशी, महेश कुमार कलारी, रेनू चंद्रवंशी, फागण सिदार, अजरमा ठाकुर, टेमू चन्द्रवंशी, गलीराम चंद्रवंशी, रेखाराम चंद्रवंशी, मिलेश कुमार मंडावी, भागबली आदि उपस्थित थे।

---

# भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा रैली



- गांव में गूंजा भारत माता का जयकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मंड़ल भाजपा लाल बहादुर नगर के तत्वावधान में मोर तिरंगा मोर अभियान के तहत विशाल तिरंगा यात्रा आयोजित किया गया। यात्रा में शामिल भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जयकारे के साथ क्षेत्र को तिरंगा मय बना दिया था। मोटर सायकल से निकली तिरंगा यात्रा मुगलानी, सेनडोंगर, झिंझारी, मडियान, ठाकुरटोला, अंडी, गाजमर्रा, कुमडटोला, कल्याणपुर, मक्काटोला होते हुए वापस लालबहादुर नगर पहुंची। यात्रा में पूर्व विधायक खेदुराम साहू, जिपं सदस्य प्रशांत कोडापे, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, महिला मोर्चा की वर्षा गेडाम, अनिता मंडावी, अरविंद नंदेश्वर, अशोक साहू, हेमलाल वर्मा, सीएमओ शैलेश पांडे, दिलीप यदु, जाफर अली, घनश्याम वैष्णव, छबि साहू, रामाधार सिन्हा, कुशल साहू, शत्रुघ्न वर्मा, देवा सिन्हा, राजेन्द्र तिवारी, रामचंद ओझा सहित अन्य शामिल हुए।

---

## जन्मदिन का जश्न...



**डोंगरगांव।** जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी का जन्मदिन भाजपा पदाधिकारियों ओर कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ मनाया। इस मौके पर केक काटकर मुंह मीठा कराया गया। सभी ने उनके सुखद भविष्य और उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की।

---

## सामाजिकजनों ने की अवंतीबाई की पूजा

# शंखनाद के साथ निकाली शौर्य यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के 194 वे जन्म दिवस के अवसर पर रानी अवंतीबाई शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, शंखनाद, बाजे-गाजे और देशभक्ति गीतों के साथ निकली यात्रा अवंतीबाई लोधी चौक राजनांदगांव से प्रारंभ होकर, कोपेडीह, नाथूनवागांव, कोलिहापुरी, उरईडबरी, तेंदूनाला, एलबी नगर, रामाटोला, डोंगरगढ़, बेलगांव, माडीतरई, छीपा, भानपुरी, हरदी, लिटिया, बजरंगपुर होते हुए नवागांव पहुंची। इस मौके पर श्रद्धालुओं व समाजिकजनों ने फूल की वर्षा कर स्वागत किया। तेंदूनाला, एलबी नगर और डोगरगढ़ में श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि महारानी अवंतीबाई लोधी ने अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिला दी थी। उनका जीवन संदेश है कि अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़े रहे फिर चाहे प्राण ही क्यों चले जाए।



#### वीरांगना के जीवन पर डाला प्रकाश

यात्रा को लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने रवाना किया। इस दौरान विमल पटेल, सुरेश सिगौर, दशमत जंघेल, अधीन जंघेल, एफआर वर्मा, रूपकुमार महिकवार, ओम जंघेल, उत्तम जंघेल, प्रियंका बघेल, ज्योति वर्मा, चेतन वर्मा, ओमकार लिल्हारे, उत्तम वर्मा, पुरुषोत्तम वर्मा, महेश्वर जंघेल, गुनाराम लिल्हारे, महेंद्र वर्मा, मनीष वर्मा, बसंत वर्मा, राघव वर्मा, जवाहर वर्मा, चेतराम वर्मा, देवकी वर्मा, गंगोत्री वर्मा, विशाखा वर्मा, कमल वर्मा, गायत्री वर्मा, रेखा वर्मा, मीना वर्मा, चेष्टा जंघेल, महेंद्र जंघेल, आशीष वर्मा, मुकेश वर्मा, हर्षवर्धन वर्मा, सितेश वर्मा, नरसिंग वर्मा, अकबर वर्मा, दुष्यंत वर्मा, भुनेश्वर वर्मा, दिनेश वर्मा, प्रमोद वर्मा, विश्राम वर्मा, लखन वर्मा, मोती वर्मा, सोमनाथ वर्मा, दनेश्वर लिल्हारे, हुजूरदास जंघेल, शिव वर्मा, जोहन वर्मा आदि मौजूद थे।

---

# समारोह में प्रतिभाशाली बच्चों का हुआ सम्मान




**चारभाठा।** उच्चतर माध्यमिक शाला चारभांठा में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष हनुमान दास साहू ने ध्वजारोहण किया। ध्वज वंदन पश्चात भारत माता की पूजा अर्चना किया गया।अतिथि उद्बोधन में श्री साहू ने बच्चो को सदमार्ग में चलने की प्रेरणा दी। शाला के आसपास अनैतिक कार्यों के होने पर चिंता जताते हुए पंचायत सदस्यों से ध्यान देने का आग्रह किया। छात्रसंघ एवं विद्यार्थियों ने जनपद सदस्य के समक्ष कुछ मांग रखा जिसे पूरा करने की घोषणा की। कार्यक्रम में कक्षा स्तर पर प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मोमेंटो दिया गया। डीएसपी घनश्याम कामडे की ओर से बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान गिरवर साहू, सरपंच अनिता अहिरवार, जनपद सदस्य अशोक नेताम आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### उल्लास के साथ मना जन्माष्टमी का पर्व



**खड़गांव।** विद्या श्री विजडम स्कूल खडगांव में उल्लास के साथ जन्माष्टमी मनाया गया। कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर छात्र छात्राएं सुंदर परिधान पहनकर स्कूल आए थे जिससे पूरा स्कूल परिसर भगवान श्रीकृष्ण का अवतार भूमि वृंदावन जैसा नजर आ रहा था। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने दही हंडी फोड़ा। जन्माष्टमी मनाने के संबंध में उप प्रचार्य वर्षा रानी चौधरी ने छात्र छात्राओं को जानकारी दी।

### देशभक्ति यात्रा का शुभारंभ

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने तेजस्वी युवा शिविर का शुभारंभ किया एवं देशभक्ति संस्कृति रक्षक यात्रा में शामिल युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने तिरंगा यात्रा को रवाना किया। उन्होंने कहा कि आसाराम बापू की प्रेरणा से सभी को देशभक्ति, नैतिकता और संस्कारों की भावना मिली है। बापू ने हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने, सेवा, संयम और सत्संग के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। उन्होंने युवाओं से मेहनत, सत्य और साहस के साथ आगे बढ़ने कहा। कार्यक्रम में श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष रामकुमार देवांगन, संजय भाई, भगवती वर्मा, नम्मू साहू, राजू वर्मा, घाना साहू, कृष्ण वर्मा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### स्कूल परिसर में रोपा पौधा

**डोंगरगांव।** मिडिल स्कूल सांगिनकछार में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत डालेश्वर प्रसाद वर्मा ने अपने पोती के नाम से नारियल का पौधा लगाया। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पौधा लगाने का आव्हान किया। इस अवसर सरपंच सुमरित मनोहर वर्मा, सागर वर्मा, गणेश्वर सिन्हा, पुरुषोत्तम यादव, प्रधानपाठक पद्मनी साहू, ऐश्वर्या राय आदि उपस्थित थे।



### उप सरपंच ने किया बच्चों का सम्मान

**ठेलकाडीह।** ग्राम पंचायत खुर्शीपार के आश्रित ग्राम विष्णुपुर में उपसरपंच भागवत वर्मा द्ने प्राथमिक शाला की कक्षा पहली से पांचवीं तक के मेधावी विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मोमेंटो, कापी व पेन भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक राजकुमार चंद्रवंशी, शिक्षक राजेश्वर यादव, संजय वर्मा, रामचरण गोंड, जीवन वर्मा, कृष्णा यादव, प्रिया यादव, नीलम यादव, सगनी गोंड, बृजलाल वर्मा, सुखचरण ठाकुर, ऋषि वर्मा, अवधराम यादव, आत्माराम यादव, गुलाब वर्मा, सालिक राम वर्मा, हीराराम वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



### अहिल्याबाई होल्कर को दी श्रद्धांजलि

**गंडई पंडरिया।** लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की पुण्यतिथि पर लालपुर स्थित मंदिर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। गडरिया समाज लालपुर गंडई ने इस अवसर पर सामूहिक रूप से श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ जोहर पार्टी के जिला अध्यक्ष तेजस, उपाध्यक्ष तोरण पटेल, प्रदेश महामंत्री भूषण साहू, सचिव अरुण गंधर्व, टेकराम पटेल, देव साहू, राकेश साहू, ईश्वर बंजारे, विनोद वर्मा, रामचंद्र, बिट्टू वर्मा, गौतम यादव, जितेश्वर वर्मा, मोहन धनकर, रविंद्र निर्मलकर, कन्हैया पटेल, भावेश पाल, देव पटेल, सुशील दुबे, रोशन धनकर और निरंजन धनकर शामिल हुए। इस अवसर पर सभी ने लोक माता अहिल्याबाई होल्कर के महान कार्यों और जनकल्याणकारी विचारों को याद किया। यह जानकारी निरंजन धनकर ने दी।



### विधायक प्रवक्ता ने किया ध्वजारोहण

**गंडई।** आजादी की 79 वीं वर्षगांठ के अवसर पर विधायक प्रवक्ता अमित टंडन ने वार्ड 15 स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में ध्वजारोहरण किया। इस अवसर पर विक्की टंडन, विकास बघेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शारदा कौशल, सहायिका सोमी बंजारे सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं बच्चे शामिल थे। विधायक प्रवक्ता अमित ने सभी को पर्व की शुभकामनाएं दी।



### भारत रत्न अटल बिहारी को दी श्रद्धांजलि

**गंडई पंडरिया।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि गंडई में मनाई गई। मंडल भाजपा ने स्थानीय विश्राम गृह में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में सभी ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। इस दौरान अटल बिहारी वाजपेयी अमर रहे के नारे लगाए गए। अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि अटल जी के आदर्शों पर चलकर ही भाजपा आज देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने अटल जी को पार्टी के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। श्रद्धांजलि सभा में जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता, भाजपा अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष जीवनदास रात्रे, टेकन देवांगन, राकेश टंडन, रवि भावनानी, सुखदेव पटेल, मंगल जैन, श्यामपाल, रोहन ताम्रकार, दादू नागदौने, रजेलाल पटेल, लीलाराम साहू, राकेश निषाद, नारद साहू और योगेंद्र कौशिक सहित अन्य उपस्थित थे।



---

पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

# छत्तीस लाख रुपए की जब्त अवैध शराब का नष्टीकारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की रोकथाम के लिए धरपकड़ अभियान जारी है। जिसके तहत जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में लगातार अवैध शराब जब्त किये जा रहे है। इन अवैध शराब की नष्टीकरण को लेकर आज पुलिस और आबकारी विभाग की टीम द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। शहर के पुलिस लाइन में जिलेभर के अलग-अलग थाना और विभिन्न 227 प्रकरणों में जब्त 8395 लीटर अवैध शराब को नष्ट किया गया। पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने 36 लाख 23 हजार 859 रुपए कीमत की अवैध शराब नष्ट किया है।




### आला अधिकारी रहे मौजूद

अवैध शराब की नष्टीकरण के लिए पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस लाइन में शराब नष्टीकरण कार्रवाई की गई। इस दौरान एसपी मोहित गर्ग सहित अलग-अलग थाना क्षेत्र के निरीक्षक और आबकारी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### जेसीबी से तोड़ी गई बोतल

अवैध शराब नष्टीकरण के लिए पुलिस लाइन की भीतरी मैदान में शराब की बोतल रखी गई और जेसीबी के माध्यम से शराब की बोतलों को तोड़कर नष्ट किया गया। पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा नष्ट किए गए शराब में देसी, अंग्रेजी शराब शामिल थी। जिसमें वर्ष 2024 - 25 में निर्मित शराब भी नष्ट की गई है।

### अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई

सीएसपी पुष्पेंद्र नायक ने बताया कि जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में 200 से अधिक प्रकरणों में शराब को जब्त किया गया था। जिसको नष्ट करने विधिवत नष्टीकरण की कार्रवाई की गई है। वहीं उन्होंने कहा कि आगे भी अवैध शराब के खिलाफ पुलिस विभाग की कार्रवाई जारी रहेगी।

---

# प्रदेश सचिव भवानी बहादुर सिंह ने छोड़ी कांग्रेस पार्टी

- निजी कारणों को बताई वजह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की परिशानियां कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। साल 2023 की हार के बाद से कई बड़े नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इसी क्रम में सोमवार को भी कांग्रेस का एक बड़ा झटका लगा। खैरागढ़ के राजपरिवार के सदस्य और पार्टी के प्रदेश सचिव भवानी बहादुर सिंह ने अपने जन्मदिन के दिन पार्टी को अलविदा कह दिया है।

हालांकि, प्रदेश अध्यक्ष को संबोधित अपने इस्तीफे में भवानी बहादुर सिंह ने कारण निजी बताया है, लेकिन माना जा रहा है कि, पार्टी में पूछपरख नहीं होने से वे व्यथित थे। प्रदेश सचिव के इस्तीफे की राजनैतिक गलियारे में चर्चा होगी। क्योंकि, इनके पिता शिवेंद्र बहादुर सिंह राजनांदगाव के पूर्व सांसद थे और पूर्व पीएम राजीव गाँधी के करीबी थे। इनकी माता गीता देवी सिंह जोगी सरकार में महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री और कई बार विधायक रहीं।



### पार्टी में बड़ा था शिवेंद्र बहादुर सिंह का कद

80 के दशक में दबंग सांसद शिवेंद्र बहादुर सिंह के बुलावे पर देश के दो-दो प्रधानमंत्री संसदीय क्षेत्र पहुंचे और यहां के लोगों ने करीब से उन्हें देखा। सांसद सिंह के बुलावे पर स्वयं पीएम इंदिरा गांधी चुनाव प्रचार के लिए राजनांदगांव के मानपुर पहुंचीं थीं। जहां उन्होंने आदिवासी बहुल मानपुर में रोड शो भी किया था।इसी तरह प्रधानमंत्री राजीव गांधी भी सांसद शिवेंद्र बहादुर सिंह के बुलावे पर लोकसभा क्षेत्र में पहुंचे थे, उन्होंने कवर्धा के भोरमदेव से बैगा प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। शिवेंद्र बहादुर के चुनाव प्रचार के लिए राजीव गांधी ने 21 मई 1991 को राजनांदगांव आने की सहमति दे दी थी। उनकी सभा-रैली की पूरी तैयारियां कर ली गईं थीं। लेकिन अचानक प्लान बदला और वे तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर चले गए, जहां बम ब्लास्ट कर उनकी हत्या कर दी गई।

---

### गोविंदोत्सव में शामिल हुए विक्रांत



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत पंडरिया में रविवार को गोविन्दोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह शामिल हुए। पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यादव समाज ने दही हांडी तोड़कर भगवान कृष्ण का जयकारा लगाया। कार्यक्रम में खम्हन ताम्रकार, मंड़ल अध्यक्ष भावेश कोचर, आनंद पटेल, भीखु हिरवानी, खेलन वर्मा, सुरेन्द्र जंघेल, ज्योति जंघेल, जानकी जंघेल, तामेश्वर जंघेल, दिवाकर सोनी, बालकृष्ण जंघेल आदि मौजूद थे।

---

# साक्षी सुरक्षा स्कीम से बेसुध छग सरकार : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- बीएनएस की धारा 398 लागू कराने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

भारत देश में नए कानून के तहत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू हो गया है। जिसकी धारा 398 में प्रत्येक राज्य सरकार को साक्षी सुरक्षा स्कीम बनाकर अधिसूचित करने का प्रावधान है। जिसका पालन छग सरकार ने अब तक नहीं किया है। जिसके चलते कांग्रेस लीगल सेल के प्रदेश महामंत्री व अधिवक्ता रूपेश दुबे, पूर्व शासकीय अधिवक्ता परवेज अख्तर, शहर कांग्रेस महामंत्री नरेश कुमार शर्मा, पूर्व शास. अधिवक्ता कुंजलाल साहू, अधिवक्ता उमेश मिश्रा, नेमेंद्र पंसारी देवेंद्र साहू व विधि छात्र शाश्वत सिंह ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन कलेक्टर राजनांदगांव को सौंपा है।

महामंत्री श्री दुबे ने बताया कि वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है। कानून व्यवस्था बद बदहाल है, क्योंकि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत साक्षी सुरक्षा की स्कीम से बेसुध है। जिसके चलते भी अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। 1 जुलाई 2024 से देश में भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू हो गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 398 में प्रत्येक राज्य सरकार को साक्षी सुरक्षा स्कीम तैयार कर उसे अधिसूचित करने का स्पष्ट प्रावधान है। इस संबंध में विधि एवं विधायी विभाग को सूचना का अधिकार लगाकर जानकारी चाही गई तो उन्होंने 6 जून 2025 को आरटीआई आवेदन को गृह विभाग से संबंधित होने के कारण उन्हें अंतरित कर दिया गया और गृह विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अपने पत्र क्र. 2238/66/दो-गृह/रापुसे/सुकाअ/2025 दिनांक 13. 6.2025 में यह जानकारी दी गई कि आज दिनांक तक की स्थिति में कोई अधिसूचना जारी नहीं हुई है। इससे यह साफ हो गया कि साक्षी सुरक्षा स्कीम ही छत्तीसगढ़ सरकार ने तैयार नहीं की है, तभी अधिसूचना जारी नहीं की है। भारतीय कानून के प्रावधानों का भी छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 1 वर्ष से अधिक समय तक पालन नहीं करने की दशा में महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर राजनांदगांव को अधिवक्ता साथियों के साथ ज्ञापन सौंपकर साक्षी सुरक्षा स्कीम तैयार करने एवं उसे अधिसूचित करने का निर्देश छत्तीसगढ़ सरकार को देने की मांग की गई है।



---

# एनएचएम कर्मियों की हड़ताल शुरू

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरुआत कर दी गई है। कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने धरना स्थल पर बैठकर एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी मांगे पूरी करने नारेबाजी की और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर हल्लाबोल।

16 अगस्त तक अपनी मांगे पूरी नहीं होने पर एनएचएम संघ द्वारा आगामी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी गई थी। जिस पर संगठन के निर्णय अनुसार प्रदेश भर में अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरुआत की गई है। राजनांदगांव जिले में भी एनएचएम कर्मचारियों हड़ताल पर है। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगे पूरी करने को लेकर नारेबाजी की और मोदी की गारंटी के तहत घोषणा पत्र में 100 दिन में नियमितीकरण करने का वादा पूरा करने कहा।



### नियमितीकरण सहित अन्य मांग

अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान एनएचएम कर्मचारी संगठन ने स्वास्थ्य विभाग में संविलियन, नियमितीकरण, ग्रेड-पे निर्धारण, मेडिकल अवकाश की कैशलेस सुविधा, स्थानांतरण नीति का निर्धारण, अनुकम्पा, पब्लिक हेल्थ कदर का निर्माण, पेंशन सहित अन्य 10 सूत्रीय मांगें रखी गई है। हड़ताल के दौरान एनएचएम कर्मचारियों ने अपने विभिन्न मांगों की तख्ती लेकर धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। इधर एनएचएम कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से स्वास्थ्य सुविधा पर इसका असर पड़ेगा, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में दूरस्थ वनांचलों तक मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित होगी।

---

# जन्माष्टमी पर भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



गंडई नगर के वार्ड नंबर 5 में स्थित कृष्ण मंदिर में इस साल भी कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। यह आयोजन पिछले चार साल से मुकेश ताम्रकार, प्रहलाद ताम्रकार और अन्य सामाजिक सदस्यों द्वारा किया जा रहा है।

इस साल भी रात 9.30 बजे से 12.30 बजे तक चली भजन संध्या में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। भक्तों ने श्री कृष्ण के भजनों का आनंद लिया और झूमते हुए उनकी भक्ति में लीन हो गए। रात 12 बजे धूमधाम से भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई, भोग लगाया गया और भक्तों ने भगवान को झूला भी झुलाया।

### बच्चों ने कृष्ण रूप धारण कर मनाई जन्माष्टमी

**गंडई पंडरिया।** गंडई नगर में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर हर घर में नन्हे कृष्ण नजर आए। माता- पिता ने अपने बच्चों को भगवान श्री कृष्ण की वेशभूषा में सजाया। बच्चों ने सिर पर मोर पंख और आकर्षक पोशाक पहनकर भगवान कृष्ण का रूप धरा और उनकी पूजा की। पालकों का मानना है कि बच्चों में अच्छे गुण विकसित करने के लिए उन्हें समय-समय पर भगवान और महापुरुषों का रूप देना चाहिए। इससे उनमें सकारात्मकता और नैतिकता का विकास होता है। पालकों ने न सिर्फ जन्माष्टमी के त्योहार को खास बनाया, बल्कि बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपरा से जोड़ने का भी एक सुंदर प्रयास किया।



---

केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना वुमन्स फॉर ट्री

# पर्यावरण के लिए नई योजना शुरू नगर में लगाए जाएंगे 1050 पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी वुमन्स फॉर ट्री योजना ने महिला सशक्तिकरण की एक नई मिसाल पेश की है। इस योजना के तहत नगर में 1050 पौधे लगाए जाएंगे, जिसका ठेका तीन महिला स्वयं सहायता समूहों को दिया गया है। यह योजना न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगी, बल्कि महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगी।

वुमन्स फॉर ट्री योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाना और महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस योजना के तहत महिला समूह एक साल तक लगाए गए पौधों की देखभाल करेगा। उन्हें हर माह प्रत्येक पौधों की जियो-टैगिंग कर वास्तविक स्थिति की जानकारी प्रशासन को देनी होगी। कोई पौधा सूख जाता है, तो उसे बदलने की जिम्मेदारी भी समूह की होगी। इस परियोजना के लिए नगर पंचायत द्वारा पौधे, वर्दी और जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।



### सराहनीय पहल

जिला भाजपा के उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बताया कि केंद्र की नरेन्द्री मोदी सरकार की इस योजना का तीन फायदे होंगे। महिलाओं को रोजगार मिलेगा साथ ही पर्यावरण संतुलित होगा। शहर में हरियाली बढ़ेगी।

### योजना का शुभारंभ

इस महत्वपूर्ण योजना का शुभारंभ 15 अगस्त को मुक्तिधाम से किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो और अन्य जनप्रतिनिधियों ने 50 पौधे लगाकर इसकी शुरुआत की। अब तक कुल 150 पौधे लगाए जा चुके हैं, और बाकी 900 पौधों को भी जल्द ही रोपा जाएगा। रोपे लाने वालों पौधों में करंज, आंवला, शिशु, गुलमोहर, बांस, सिंदूर और काजू आदि के पौधे शामिल हैं।

### तीन समूह को मिली जिम्मेदारी

चेतना स्वयं सहायता समूह वार्ड 15 को मणिकंचन केंद्र में 350 पौधे लगाने का काम मिला है। उन्हें हर महीने 32 हजार का भुगतान किया जाएगा। जियो-टैगिंग के लिए प्रति पौधा 10 रुपए अतिरिक्त दिया जाएगा। जय मां अंगार मोती स्वयं सहायता समूह वार्ड 13 को वार्ड 8 स्थित पुष्प वाटिका में 350 पौधे लगाना है। इस समूह को भी हर महीने 32 हजार और जियो टैगिंग के लिए प्रति पौधा 10 रुपए मिलेंगे। सुपल भगत महिला स्वयं सहायता समूह वार्ड 12 को वार्ड 10 स्थित मुक्तिधाम में सबसे अधिक 450 पौधे लगाने की जिम्मेदारी मिली है। इस समूह को हर महीने 40 हजार और जियो-टैगिंग के लिए प्रति पौधा 10 रुपये का भुगतान किया जाएगा।

---

# जन्माष्टमी पर दही हांडी लूट का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत बरबसपुर में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दही हांडी का आयोजन किया गया, जिसने ग्रामीणों में खासा उत्साह भर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महिलाओं के लिए आयोजित मटका फोड़ प्रतियोगिता रही, जिसे देखने बड़ी संख्या में दर्शक उमड़ पड़े। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकर, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, रवि भावनानी, तसील पटेल, भानु साहू, लेखराम साहू और जितेंद्र पटेल मौजूद थे। इस दौरान आयोजित दही हांडी लूट और मटका फोड़ प्रतियोगिता में बच्चों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### ग्रामीणों को मिला आश्वासन

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अतिथियों के सामने कुछ मांगें रखीं। उन्होंने प्राचीन शिव मंदिर में सांस्कृतिक मंच निर्माण, मंदिर सौंदर्यीकरण और नाली निर्माण कराने की अपील की। अतिथियों ने ग्रामीणों को सभी मांगों को जल्द ही पूरा कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सेवा सहकारी समिति बरबसपुर के अध्यक्ष अमित शर्मा, खेम यादव, नीरज शर्मा, ओमकार कश्यप, फगवा निषाद, अशोक मेरावी, मेहतर यादव, वीरेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




सार समाचार

## जिलेभर में धूमधाम के साथ मना आजादी का पर्व

**राजनांदगांव।** शहर सहित पूरे जिलेभर में आजादी का जश्न धुमधाम के साथ मनाया गया। सरकारी के साथ साथ सामाजिक संस्थाओ ने भी आयोजनो के मध्य झंडारोहण कर शहीदो को श्रद्वांसुमन अर्पित किए। इस दौरान बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति भी दी।

### अग्रवाल समाज

स्वतंत्रता दिवस अग्रवाल समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी जयप्रकाश अग्रवाल ने स्थानीय अग्रसेन भवन में ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि देश को आजादी मिले 78 वर्ष पूरे हो गए, परंतु इसे प्राप्त करने चले अथक संघर्ष और आंदोलन में



इससे भी ज्यादा लंबा समय लगा था। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने कहा कि बड़ी जद्दोजहद से मिली आजादी को बचाए रखना तथा बनाए रखना बड़ी जिम्मेदारी का काम है। गौरांश अग्रवाल ने देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी। मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर अग्रवाल समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिसन अग्रवाल, काशी अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल एवं सुरेश अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष मंजू खोखरिया, रीना अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, वीणा अग्रवाल, हर्ष लोहिया, सूरज अग्रवाल, आशीष अग्रवाल तथा तनिष्क अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। संचालन संजय अग्रवाल व आभार प्रदर्शन आलोक बिंदल ने किया।

### एनबीआईएस बोरी

नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में देश की आजादी की 79वीं सालगिरह धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि नीरज विद्या मंदिर की डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी ने झंडा फहराया गया तथा शाला के बच्चों द्वारा



रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि श्रीमती बाजपेयी इंसाफ की डगर से गीत गाया। अंत में शाला परिवार में लड्डू का वितरण किया गया। आयोजन में शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक व कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का संचालन शिक्षिका रोशनी चौहान ने किया। यह जानकारी शिक्षिका रुचि श्रीवास्तव ने दी।

### इंग्लिश मिडियम स्कूल चौकी

स्वतंत्रता पर्व पर इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी के बच्चों ने देशभक्ति गीतों को गुनगुनाकर पालकों का मन जीत लिया। ध्वजारोहण के



पश्चात कार्यक्रम में बच्चों ने खूब मजे लिए। इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी के प्राचार्य डॉ. सूर्यकांत मिश्रा ने 79वें स्वतंत्रता पर्व पर ध्वजारोहण कर भारतीय ध्वज का वंदन किया। प्राचार्य डॉ. मिश्रा ने बच्चों को कर्तव्य परायण बनकर असली आजादी का प्रतीक बनने का आव्हान किया। अंत में बच्चों को मिठाई का वितरण किया गया।

## लूट के पाँच आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** बोलरों वाहन पिकअप में ले जा रहे 50 नग सुअर एवं 3 मोबाईल की लूटपाट करने के मामले की जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी तानाजी व्यंकट जाधव उम्र 35 वर्ष निवासी बडर गल्ली बोधन रोड उदगीर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि सुअर पालन का कार्य करता हैं। 7अगस्त के दोपहर 1 बजे अपने बोलेरो पिकअप वाहन में 50 नग सुवर कीमती करीबन 2,25,000 का को लोड करके ड्रायवर ईश्वर शिंदे व भतीजा लहू जाधव हनुमंत गंगापुर तीनों के साथ बिलासपुर के रंजीत सेठ के पास पहुंचाने के लिए जा रहा था।

विवेचना के दौरान सायबर सेल व चिचोला पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा संदिग्ध को पूछताछ करने पर



आरोपी भूपेश मानिकपुरी उम्र 36 वर्ष निवासी डोंगरगढ , राजू निषाद उम्र 29 वर्ष निवासी डोंगरगढ़, गोविन्दा गोराई उम्र 41 वर्ष निवासी डोंगरगढ़, राहूल धुर्वे उम्र 27 निवासी नागपुर महाराष्ट्र, चमन मानिकपुरी उम्र 25 साल विनोबा भावे नगर नागपुर द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किये। पुलिस ने आरोपियों से लूट का रकम 50,000 रूपये जप्त किया गया है। घटना में प्रयुक्त वाहन 1 स्कार्पियों वाहन व 1 मारूति स्वीप्ट डिजायर वाहन को जप्त किया गया एवं आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर रिमांड प्राप्त कर जेल दाखिल किया गया है। अन्य आरोपियों की पता तलाश जारी है।

### वाहन रोक कर किया था लूट

रात्रि 2 बजे चिचोला के पास पहुंचे थे कि चिचोला से डोंगरगढ रोड तरफ जा रहेअज्ञात स्कॉर्पियो केचालक द्वारा रूकने का इशारा कर स्कार्पिया से 7- 8 अज्ञात लोग उतरे और पिकअप वाहन में 50 नग सुअर को तथा3 नग मोबाईल को लूट लिया था।11अगस्त को पुलिस चौकी चिचोला में रिपोर्ट दर्ज कराया प्रार्थी के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा- 310(2) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सब्सिडी में ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर ठगी, कांग्रेस नेता के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

# किसानों से 17 लाख की ठगी! शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सब्सिडी में किसानों को ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। किसानों ने एक शिकायत आवेदन के माध्यम से चिचोला पुलिस चौकी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय और कलेक्टोरेट कार्यालय में मामले की शिकायत की है। जिले के



लालबहादुर नगर क्षेत्र के अलग-अलग गांव के 11 किसानों से ट्रैक्टर खरीदी में 4 लाख की सरकारी सब्सिडी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने के मामले में ग्राम बरमपुर निवासी कांग्रेस नेता त्रिलोक यादव के खिलाफ किसानों ने शिकायत की है। शिकायत आवेदन लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे किसानों ने कहा कि लगभग एक साल 11 माह पहले त्रिलोक उर्फ मोनू यादव द्वारा किसानों को सब्सिडी में ट्रैक्टर दिलाने की बात कही गई और दस्तावेज बनाने 10-10 हजार रुपए मांगे गए। इसके लगभग 15 दिन बाद मोनू यादव ने किसानों को कहा कि उनका ट्रैक्टर शो-रूम पहुंच गया है। ट्रैक्टर लेने जाना है। जिसके लिए 1 लाख 30 हजार रुपए नगद देना होगा, तो सभी किसानों ने नगद रुपए दे दिए। इसके बाद मोनू यादव ने किसानों को कहा कि दुर्ग के शो-रूम में आपका ट्रैक्टर आ गया है, जाकर देख लेना। किसानों ने बताया कि जब वह शो-रूम पहुंचे तो शो-रूम में ना उनका कोई कागजात जमा हुआ था और ना ही उनका कोई ट्रैक्टर आया था।

### नहीं हो रही सुनवाई

किसानों का कहना है कि कांग्रेस नेता त्रिलोक यादव द्वारा गांव के एक किसान को ट्रैक्टर दिलाया गया था। जिसके चलते वह उसके झांसे में आ गए। ठगी का शिकार हुए संतोष धरमगुड़े, परमानंद कंवर, निर्मलाबाई बंसोड़, योगेश कंवर, राजेंद्र कंवर, भूपेंद्र पड़ोती, संतोष साहू, बबलू कंवर सहित अन्य किसानों ने मामले की शिकायत चिचोला पुलिस चौकी, एसपी और कलेक्टर से की है। किसानों ने कहा कि उन्होंने रकम नगद दी थी। जिसका कोई सबूत उनके पास नहीं है। जिसकी वजह से कहीं भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### न्याय की गुहार

किसानों ने अपनी शिकायत आवेदन में बताया है कि सितंबर वर्ष 2023 में कांग्रेस नेता द्वारा किसानों के घर जाकर ट्रैक्टर लेने पर 4 लाख रुपए सरकारी सब्सिडी दिलाए जाने की बात बताई गई थी। फार्म भरने के एक माह पश्चात मोनू यादव ने अपने मोबाइल फोन के माध्यम से ट्रैक्टर का फोटो दिखाकर बताया गया कि ट्रैक्टर दुर्ग में आ गया है। जिसके लिए किसानों से कुल 1 लाख 40 हजार रुपए लिए गए थे। इस मामले में किसानों ने पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है और ठगी के रुपए वापस दिलाने मांग की है।

### किसानों ने विधायक से की थी शिकायत

शो-रूम में ट्रैक्टर नहीं आने पर किसानों ने ट्रैक्टर दिलाने का दबाव बनाया और ट्रैक्टर नहीं दिलाने पर रुपए वापस करने की मांग की, लेकिन किसानों को उनके रुपए वापस नहीं किए गए। कांग्रेस नेता द्वारा किसानों को तीन-चार महीने तक टालमटोल कर घुमाया जाता रहा। इसके बाद किसान स्थानीय विधायक के पास पहुंचे, जहां शिकायत के बाद कांग्रेस नेता मोनू यादव ने दो-तीन किसानों के 70 हजार रुपए वापस किए और बाकी किसानों के एक भी रुपए वापस नहीं किए।

## 20 को श्रद्धांजलि व सम्मान समारोह

**राजनांदगांव।** पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में संभाग स्तरीय अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद नई दिल्ली शाखा राजनांदगांव छत्तीसगढ़ द्वारा 20 अगस्त को आदिवासी अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक नीलकंठ गड़े ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व अध्यक्षता महापौर मधुसूदन यादव व एमडी ठाकुर करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिषेक सिंह, योगेशदत्त मिश्रा, सचिन बघेल, आत्माराम चंद्रवंशी, डॉ. देवेंद्र महला, विकास मरकाम, नीलू शर्मा, कोमल सिंह राजपूत, टोपेन्द्र पारस वर्मा, किरण वैष्णव शामिल होंगे। कार्यक्रम के तहत 20 अगस्त को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक रैली प्रारंभ के पूर्व शहीदों की पूजा-अर्चना होगी।

## युवा सरपंच की छत से गिरने पर मौत, शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गांव से शहर अपने परिचित के यहां आए युवा सरपंच की छत से गिरने पर बीती रात मौत हो गई। इस घटना की खबर से गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी क्षेत्र के ग्राम ककरेल के सरपंच अभिषेक पटिला पिता मिलनदास पटिला कल राजनांदगांव अपने मित्र के यहां कौरिनभाठा दीनदयाल कालोनी निवासी के यहां आया हुआ था।

### जिले में सबसे कम उम्र का था

यहां वह बीती रात भोजन करने के पश्चात वह मकान के छत पर टहल रहा था। इस दौरान अचानक छत से नीचे आ गिरा। पुलिस के अनुसार युवक को गंभीर अवस्था में उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। गांव के सरपंच की मृत्यु होने की सूचना ग्राम ककरेल के ग्रामीण को जैसे ही हुई, शोक की लहर व्याप्त हो गई है। बताया गया कि मृतक अभिषेक जिले में सबसे कम उम्र का सरपंच था। घटना की सूचना पर बसंतपुर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मामले की जांच की जा रही है।

## पोहा मिल में पौधरोपण



**राजनांदगांव।** लायंस क्लब ऑफ राजनांदगांव द्वारा लखोली में अम्बिका पोहा मिल में पौधारोपण किया। इस अवसर पर श्रीकिशन खंडेलवाल, सूरज खंडेलवाल, प्रमोद बागड़ी, नंदकिशोर खंडेलवाल, दिलीप खंडेलवाल, ललित भंसाली, आकाश चोपड़ा, दिलीप पात्रे, ऋषभ नाहटा शामिल थे।

## नि:संतान शिविर का आयोजन 20 को

**राजनांदगांव।** शहर के सतनाम भवन स्थित आरोग्यम क्लिनिक में 20 अगस्त को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक नि:शुल्क नि:संतानता व स्त्री रोग जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में डा.रैनी अग्रवाल पूर्व चिकित्सक मुंबई अपनी नि:शुल्क सेवाएं देंगी।

## ओवरटेक करने को लेकर विवाद में चला चाकू, युवक के चेहरे पर चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के लालबाग इलाके के समीप स्थित होटल अवाना के पास ओवरटेक करने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने युवक पर चाकू से वार कर दिया। घटना में प्रार्थी के चेहरे पर गंभीर चोंट आई और उसे 5 से अधिक टांके लगे हैं। पुलिस ने तत्काल एक्शन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि एक आरोपी अब भी फरार है।



बसंतपुर थाना में दर्ज एफआईआर के अनुसार प्रार्थी युवक 17 अगस्त की रात करीबन साढ़े दस बजे होटल अवाना के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान गाड़ी ओवरटेक करने के नाम पर मिथलेश पांडया व राहुल द्वारा प्रार्थी को अश्लील गाली-गलौज दी गई। इसके अलावा उसे जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट कर अपने पास रखे धारदार हथियार से इस पर वार किया। धारदार हथियार के वार से प्रार्थी के चेहरे में दाहिने हिस्से में चोंट लगी।

वहीं बीच-बचाव करने आए उसके भाई के बांये हाथ में चोंट लगी है। जिसके आधार पर ही दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 361/2025 धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### एक आरोपी फरार

आला अफसरों के निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते आरोपी के निश्चित ठिकानों में पतासाजी कर आरोपी मिथलेश पांड्या पिता स्व. विनोद पांडया निवासी प्रभात नगर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपी मिथलेश पांड्या के कब्जे से घटना में एक नग तलवार जब्त कर लिया गया है। प्रकरण के अन्य आरोपी राहुल घटनाकारित कर सकुनत से फरार है। जिसकी पतासाजी की जा रही है।

## कामठी लाइन में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के व्यस्तम मार्ग को सुव्यवस्थित करने तथा यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने प्रशासन का अतिक्रमण हटाओ अभियान शहर में चल रहा है। पूर्व में गुड़ाखू लाइन, जूनीहटरी, जयस्तंभ चौक, महाकाल चौक, गुरूद्वारा रोड़, ममता नगर रोड़ में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सामान दुकान के अंदर रखने समझाईस देकर समान जब्ती एवं शेड आदि हटाने की कार्रवाई की गई थी और आज पुनः अधिकारियों की मौजूदगी में कामठी लाइन एवं हलवाई लाइन में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने तथा बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाया और व्यापारियों की बैठक बुलाकर समझाईस देने के अलावा प्रशासन की टीम शहर में घूमकर सामान दुकान के अंदर रखने, अतिरिक्त निर्माण या शेड हटाने समझाईस दिए और हटाने की कार्रवाई भी किए। इसी कड़ी में आज कामठी लाइन एवं हलवाई लाइन में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।



### अधिकारियों की रही उपस्थिति

अतिक्रमण हटाओ अभियान में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा, सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक व वैशाली जैन तथा तहसीलदार अमीय श्रीवास्तव पूरे समय उपस्थित रहकर दुकानदारों को शहर के बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने सहयोग करने समझाईस दी। उन्होंने कहा कि दुकानों के बाहर सामान रखने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा सामान खरीददार भी पार्किंग के अभाव तथा दुकान में खड़े होने की जगह नहीं होने पर खरीददारी करने आने में हिचकिचाते हैं। जिसके कारण व्यापार में भी असर होता है। इन सब बातों को ध्यान में रखकर आप सबको सहयोग करना है।

### बोर्ड एंगल हटाए गए

उन्होंने कहा कि पूर्व में अतिक्रमण हटाने के दौरान सभी से शहर को व्यवस्थित करने व दुर्घटना रोकने सहयोग करने समझाईस दी गई थी। समझाईस उपरांत भी स्वयं से नहीं हटाने पर आज कामठी लाइन एवं हलवाई लाइन में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सामान दुकान के अंदर रखने समझाईस दिए तथा अतिरिक्त सीढ़ी जेसीबी मशीन से तोड़ने के अलावा अतिरिक्त बोर्ड, एंगल निकालकर रोड़ में रखे ठेला हटाया गया। उन्होंने शहर के बाजार क्षेत्र के व्यापारियों से कहा है कि सामान दुकान की सीमा में रखे, अतिक्रमण न करें, अपालन पर प्रशासन की टीम सामान जब्ती एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगी। उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा। आज के अतिक्रमण हटाओ अभियान में निगम के अधिकारी, अतिक्रमण दस्ता तथा पुलिस प्रशासन उपस्थित था।









## खबर संक्षेप

### कुण्डा सहित आसपास क्षेत्र में हर्षोल्लास, उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया 79वां स्वतंत्रा दिवस

**हरिभूमि कुंडा।** भारत में प्रतिवर्ष 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस सन 1947 को भारत आजाद हुआ, इस उपलक्ष्य में प्रति वर्ष स्वतंत्रा दिवस के रूप में मनाया जाता है। वहीं इस वर्ष भी 15 अगस्त को देश सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं जिला, ब्लॉकों एवं ग्रामों में आजादी का पर्व पूरे हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया। इसी कड़ी ग्राम कुण्डा में जगह-जगह शान से तिरंगा फहराकर स्वतंत्र दिवस मनाया गया, ग्राम पंचायत कुण्डा में सरपंच हरेंद्र चंद्राकर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा, अध्यक्ष दिनेश मिश्रा बीआरसी पब्लिक स्कूल, सरपंच हरेंद्र चंद्राकर सरदार पब्लिक स्कूल, जनपद सदस्य अंबिका सोनवानी गुरुनानक चौक, उपसरपंच मुमताज अहमद, ध्वजाराम चंद्राकर सेवा सहकारी समिति, अध्यक्ष अमन खनूजा शासकीय प्राथमिक शाला, संतराम चंद्राकर जनसेवा ही भावना सुविधा केंद्र, मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी नवीन महाविद्यालय, अध्यक्ष परसोतम निर्मलकर व थाना प्रभारी महेश प्रधान महिला बाल विकास, परियोजना अधिकारी बृजेश सोनी तहसील कार्यालय, तहसीलदार रविन्द्र कुर्रे प्रेरणा विद्यापीठ हॉयर सेकेंडरी स्कूल कुंडा, भाजपा नेता संतोष चंद्रवंशी बिजली कार्यालय, जेई सत्यम मरावी बालक छात्रावास, अध्यक्ष गणेश सोलंकी बालक आश्रम, मोहन कुर्रे बालिका आश्रम, श्रीमती समुन्द सेवाराम कुर्रे राजीव गांधी चौक, पूर्व उपसरपंच उमेश चंद्राकर आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 05, पंच रमेश सारथी आंगनबाड़ी केंद्र देहानपारा, पंच पुष्पा साहू, रुखसाना बेग, वार्ड क्रमांक 17, हरचरण सिंह खनूजा, चैतन्य सोनी आंगनबाड़ी केंद्र 01, गायत्री साहू, श्लेखा सोलंकी भारत माता चौक, जनपद सदस्य अंबिका सोनवानी, पंच यशवंत चंद्राकर आंगनबाड़ी केंद्र सतनामी पारा में, पंच मनोज भास्कर कृष्णा बंजारे आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 04, पंच कांति परवाना, कल्याणी सोनवानी आंगनबाड़ी केंद्र 03 व गंगोत्री साहू, सकीना मुमताज अहमद आंगनबाड़ी केंद्र धापपार में तथा पंच नंदू साहूर राजू साहू आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 06 में शकुंतला चंद्राकर, खिलेश्वरी साहू सरस्वती शिशु मंदिर एवं अध्यक्ष सुरेन्द्र खनूजा ने शान से फहराया तिरंगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या ग्रामवासी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।



### संगीतमय श्री रामायण मंडली गायन का मनमोहक आयोजन

**हरिभूमि कोलेगांव।** शनिवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर ग्राम धनेली स्थित मां महामाया प्रांगण में त्रिवेणी मानस मंडली द्वारा श्रावणी मासी संगीतमय श्री रामायण गायन का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास सहित दूर-दराज व अन्य जिला से मानस गायन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं इस संगीतमय श्री रामायण गायन में ग्राम कुधुरताल जिला मुंगेली से संगीतमय श्रीराम कथा प्रवाचिका श्रीमती पुष्पा देवी साहू द्वारा सुमधुर स्वर में श्रोताओं को श्री रामायण मानस कथा अमृत रसपान कराया गया। इस अवसर पर समस्त त्रिवेणी मानस परिवार, मां महामाया बोल बम समिति, महिला बोल-बम एवं ग्राम के वरिष्ठ श्रोता गण कथा अमृत रसपान किया। ग्राम धनेली में श्रीराम चरित मानस कथा आषाढ़ गुरु पूर्णिमा से श्रावण भाद्रपद तक लगातार दो माह तक शाम 4. 00 बजे से हरि इच्छा तक प्रतिदिन संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन त्रिवेणी मानस परिवार द्वारा किया जा रहा।



### श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



**हरिभूमि कवर्धा।** श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में भारत की आजादी की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों द्वारा भव्य रैली निकाली गई। जिसके साथ अमर जवानों के जयकारे के साथ सभी विद्यार्थियों के हाथ में तिरंगा सुशोभित रहा। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ पीपी चन्द्रवंशी (सेवानिवृत्त प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बेमेतरा) संस्था के डायरेक्टर डॉ आदित्य चंद्रवंशी एवं प्राचार्या श्रीमती एम शारदा द्वारा भारतीय परंपरा भारत माता, मां सरस्वती, रामकृष्ण परमहंस एवं महात्मा गांधी सहित अनेक वीर सपूतों के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन से किया गया। पश्चात ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। वहीं मुख्य अतिथि डॉ पीपी चन्द्रवंशी द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के सपूतों को याद करते हुए उद्बोधन दिया गया। उसके बाद आरिका माग्रे कक्षा 12वीं की छात्रा ने भारत के वीर जवानों को याद करते हुए भविष्य के भारत की कल्पना की और डिजिटल भारत पर भी प्रकाश डाला। विद्यालय की प्राचार्या ने सभी विद्यालय परिवार को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर में विद्यार्थियों के लिए कक्षा पहली से 12वीं के देशभक्ति गीत, भाषण, कविता की मनमोहक प्रस्तुति दी। प्री-प्राइमरी के बच्चों द्वारा बहुरूप पोषाक की प्रस्तुति दी गई। जिसमें नन्हें -मुन्ने बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों का परिधान पहनकर उनके नारों की जोशपूर्ण प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

### कामठी स्कूल 11वीं व 12वीं के 88 विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरित




**हरिभूमि कुई कुकदूर।** वनांचल के गौरव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में पिछले दो वर्षो से विद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा ज्ञानदीप योजना चलाया जा रहा है, जिसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक प्रदान किया जाता है, इस वर्ष भी इस योजना के तहत मेगा पालक बैठक दिवस पर विद्यालय प्राचार्य शिक्षकों व उपस्थित पालकों के कर कमलो से 11वीं और 12वीं के 88 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक प्रदान किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कोई भी बच्चे पुस्तक के अभाव में शिक्षा से वंचित न हो इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सभी व्याख्याता गण, शिक्षक गण, कर्मचारी गण और बड़ी संख्या में पालक गण सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में शामिल हुए : विजय शर्मा

# छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाना है: डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सोमवार को कबीरधाम प्रवास के दौरान कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों से सीधे-संवाद कर उनकी समस्याएं, मांगें और सुझाव सुने। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ग्राम बाघुटोला, नवापारा पहुंचे। यहां उन्होंने ग्रामीणों द्वारा रखी गई मांगों और शिकायतों को गंभीरता से सुना और सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक समय पर पहुंचना चाहिए। तत्पश्चात उपमुख्यमंत्री ग्राम छांटाझा, लासाटोला, महराटोला और मुड़घुसरी में आयोजित भेंट-मुलाकात में शामिल हुए।

उन्होने भेंट-मुलाकात के दौरान ग्रामवासियों द्वारा किए गए मांग को तत्काल मंजूरी दी। उन्होंने ग्राम नवापारा पंचायत बिरुटोला में ग्रामीणों की मांग पर 6.50 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की। नवापारा से भिकुड़िया तक 3 किलोमीटर लंबे पहुंच मार्ग का प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। सड़क निर्माण होने से आसपास के विभिन्न गांव को आवागमन में सुविधा होगी। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, रोहित नाथ योगी सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### सरकार गांव, गरीब, किसान व युवाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध




उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीण, युवा, महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार गांव, गरीब, किसान और युवाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से होगा और किसी भी ग्रामीण को शासन-प्रशासन तक पहुंचने में कठिनाई नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां और योजनाएं आपके जीवन को सरल, सुरक्षित और समृद्ध बनाने के लिए हैं। आपके बीच आकर जो भी समस्याएं सामने आ रही हैं, उनका हल यहीं स्थल पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, सिंचाई और रोजगार को लेकर बड़े स्तर पर कार्य चल रहे हैं। आने वाले समय में हर गांव में मूलभूत सुविधाएं और विकास कार्य सुनिश्चित होंगे।

### मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः श्री शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। किसानों को सशक्त बनाना, युवाओं को रोजगार से जोड़ना, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और हर घर तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आपकी समस्या ही मेरी समस्या है और उसका समाधान करना ही मेरा दायित्व है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ें। साथ ही उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और खेल व शिक्षा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## शिक्षक भर्ती पर जाति प्रमाणपत्र के जरिए नौकरी हथियाने का आरोप



- सर्व विशेष पिछड़ी जनजाति समाज कल्याण समिति ने कार्यवाही की मांग लेकर सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सर्व विशेष पिछड़ी जनजाति समाज कल्याण समिति छत्तीसगढ़ ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर फर्जी जाति प्रमाणपत्र के आधार पर शासकीय नौकरी एवं सुविधाएं प्राप्त करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पंचायती राज अधिनियम के तहत हुई शिक्षा कर्मी भर्ती में बड़ी संख्या में ऐसे अभ्यर्थी शामिल हुए, जिन्होंने फर्जी जाति प्रमाणपत्र बनवाकर अनुसूचित जनजाति वर्ग का लाभ लिया है। ज्ञापन में कहा गया कि जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा की गई शिक्षा कर्मी भर्ती में कई लोग अब भी फर्जी जाति प्रमाणपत्र के आधार पर शासकीय नौकरी कर रहे हैं और शासन की राशि से वेतन लेकर सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि इन प्रमाणपत्रों की सूक्ष्म जांच कर दोषी कर्मचारियों को तत्काल बर्खास्त किया जाए, उनसे अब तक का वेतन वसूला जाए और उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाए। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई, तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान समिति के अध्यक्ष कामू बैगा सहित कई पदाधिकारी और सदस्य गण उपस्थित थे।

### रेंगाबोड सरपंच की पहल, नशीली पदार्थ बिक्री पर प्रतिबंध



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया ग्राम पंचायत रेंगाबोड में नशीले पदार्थो की बिक्री पर ग्राम पंचायत रेंगाबोड के सरपंच वीरेंद्र कुमार चंद्राकर द्वारा एक अच्छी पहल नशीले पदार्थ के लिए की है, ताकि ग्रामीणों को नशीले पदार्थ से बचाए जा सके एवं जिसमें समस्त पंचायत सदस्यों द्वारा सर्व सहमति से नशीले पदार्थ बिक्री पर प्रतिबंध लगाते हुए कोटवार के माध्यम से मुनादी कराया गया, जिससे ग्रामवासी में भारी उत्साह दिखा जा रहा है एवं चौक चौराहों पर चर्चा का विषय बना हुआ है कि नव-निर्वाचित सभी ग्राम पंचायत के सदस्यों द्वारा लिया गया, निर्णय साहसी भरा निर्णय व ग्राम पंचायत हित में है, जिसको सभी पंचायत अमल कर रहे हैं और चेतावनी भी दे रहे हैं कि बिक्री करते पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। वहीं ग्राम पंचायत के पंच ओमप्रकाश चंद्राकर द्वारा नशीले पदार्थो की बिक्री की जानकारी देने पर 500 रूपए का इनाम देने की बात कही।

## विख स्तरीय विषय आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया




सोमवार को विकासखंड स्तरीय विषय आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम चरण में गणित एवं हिन्दी विषय के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया, कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेन्द्र कुमार गुप्ता, बीआरसी अर्जुन चंद्रवंशी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर ने सर्वप्रथम सरस्वती माता के तैल चित्र की पूजा अर्चना कर सरस्वती वंदना पश्चात बीईओ एमके गुप्ता ने प्रशिक्षण में आए प्रतिभागियों को विषय की महत्ता के बारे में और इसकी आवश्यकता के बारे में बताते हुए कहा कि इस बार आयोजित प्रशिक्षण नई शिक्षा निति के आधार पर बनाई गई है। जिसमें महत्वपूर्ण बदलाव भी किए गए है, जो पूर्ण रूप से नए पाठ्यक्रम पर आधारित है आगामी चरणों में अन्य विषयों के प्रशिक्षण भी आयोजित किए जाएंगे, एबीईओ दीपक ठाकुर ने अपने उद्बोधन में बताया की उक्त विषय आधारित प्रशिक्षण नई शिक्षा निति के अंतर्गत कई प्रकार से बदलाव के साथ प्रस्तुत किया गया है, जिसके लिए राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में डाइट के माध्यम से मास्टर ट्रेनर तैयार कर विकासखंड स्तर पर सभी विषय के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। बीआरसीसी अर्जुन चंद्रवंशी ने प्रशिक्षण में पूर्ण सहभागिता प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। मास्टर ट्रेनर मोहन शर्मा, कलीराम चंद्राकर, राजेंद्र साहू, मंजू चंद्राकर, शोभनाथ साहू एवं रमेश चंद्रवंशी पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। उक्त प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार पाठ्यक्रम को सरल तरीके से बच्चों को पढ़ाने हेतु रोड मैप तैयार किया गया है, जो बहुत ही आसान एवं रोचकपूर्ण है। प्रथम चरण में 38 विद्यालय गणित एवं 68 विद्यालय के शिक्षक हिंदी विषय में पांच दिवस प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

### हाई स्कूल में पांच दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर कवर्धा में विकासखंड स्तरीय कक्षा 06 वीं के नवीन पाठ्य पुस्तकों पर विषय हिन्दी एवं विषय गणित पर विषय आधारित शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम बीआरसी केशलाल साहू द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र में माल्यार्पण कर विधि-विधान से पूजन किया गया। तत्पश्चात प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया, वहीं विषय हिन्दी 98 एवं विषय गणित में 72 प्रशिक्षार्थियो ने अपनी-अपनी उपस्थिति देकर पंजीयन कराएं एवं प्रशिक्षण मे भाग लिए जो कि 18 से 22 अगस्त तक आयोजित की जाएगी।

## हरमो शिव मंदिर में तोड़फोड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार संलिप्त आरक्षक बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले के भोरमदेव थाना अंतर्गत ग्राम हरमो स्थित शिव मंदिर में प्रतिमा तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना भोरमदेव में अपराध क्रमांक 34/25 धारा 298 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया था।

जांच के दौरान आरोपी की पहचान गौतरिहा यादव पिता डेरहाराम यादव आयु 69 वर्ष, निवासी ग्राम राला थाना बिरसा जिला बालाघाट, हाल निवासी ग्राम हरमो के रूप में हुई। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है और उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में पुलिस विभाग के आरक्षक क्रमांक 703 राजू वैष्णव की संलिप्तता भी सामने आई। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी आरक्षक को भारतीय संविधान की धारा 311 (2) (ख) के तहत तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि धार्मिक स्थलों से जुड़े इस प्रकार के अपराधों में किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी और आरक्षक की बर्खास्तगी के बाद कांग्रेस पार्टी को अपने कवर्धा बंद के आह्वान को वापस लेना चाहिए।

## तीज त्यौहार छत्तीसगढ़ की महिलाओं का महत्वपूर्ण पर्व हैः पूर्व विधायक ममता

# सर्व क्षत्रिय कुर्मी महिला समाज ने तीज मिलन समारोह मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




सर्व क्षत्रिय कुर्मी महिला समाज के तत्वाधान में तीज-मिलन समारोह का भव्य आयोजन कुर्मी छात्रावास परिषर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिवाजी महाराज एवं लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर पार्थिव शिवलिंग की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

समारोह की मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं सर्व कुर्मी समाज की सक्रिय सदस्य श्रीमती ममता चंद्राकर, विशिष्ट अतिथियों में समाज की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा चंद्रवंशी, जिला सदस्य श्रीमती अन्नपूर्णा चंद्राकर, कोषाध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष श्रीमती ज्योति चंद्राकर एवं अमीषा चंद्रवंशी, जनपद सदस्य श्रीमती उर्वशी चंद्रवंशी, श्रीमती निशा चंद्रवंशी एवं समाज की मुखिया श्रीमती विद्या चंद्रवंशी विशेष रूप से उपस्थित थी।

इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने कहा कि तीज त्यौहार छत्तीसगढ़ की महिलाओं का महत्वपूर्ण पर्व है। परंपरा के अनुसार यह पर्व मायके में माता-पिता के घर रहकर मनाया जाता है और पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखा जाता है। तीज से पूर्व दिन ठेठरी-खुरमी, करू-भात, करेला-खेक्सा जैसे व्यंजन बनाकर सेवन करने की परंपरा भी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा इस तरह का सांस्कृतिक आयोजन समाज को और मजबूत करता है। साथ ही उन्होंने सभी को तीज पर्व की शुभकामनाएं दीं।

समाज की अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती हेमेश्वरी चंद्रवंशी, श्रीमती मंजु चंद्राकर एवं श्रीमती गायत्री चंद्रवंशी ने किया। कुर्मी महिला समाज की अति सक्रिय महिला में श्रीमती निशा चंद्रवंशी के द्वारा पूरे तन, मन, धन से इस कार्यक्रम में सहभागिता दिखाई जिनका सभी महिलाओं के द्वारा विशेष आभार व्यक्त किया गया।

### प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

समारोह में महिलाओं के लिए विभिन्न पारंपरिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें गोटा-खेल, फुगड़ी, कलश सज्जाओं, एकल एवं समूह नृत्य, फैशन-शो और 16 श्रृंगार जैसे आकर्षक कार्यक्रम शामिल थे। सभी प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। वहीं अतिथियों के लिए भी रोचक खेल आयोजित किए गए। कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा अतिथि गण को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन में समाज की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और उल्लास देखने को मिला।

## खबर संक्षेप

### फांसी के फंदे में लटकी मिली अज्ञात की लाश

**कवर्धा।** पंडरिया विकासखंड अंतर्गत कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुनमुना के घने जंगल में रविवार को एक अज्ञात युवक की लाश पेड़ से लटकती हुई मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है या फिर यह किसी अन्य वजह से हुई संदिग्ध मौत है, इसकी जांच पुलिस कर रही है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ग्रामीणों से पूछताछ कर मृतक की शिनाख्त एवं घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। यह घटना जहां एक ओर ग्रामीणों को दहशत में डाल रही है।

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने महिलाओं के साथ मनाया तीज मिलन पर्व

■ तीज, भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा है, यह हमारी परंपराओं, विश्वासों और एकता का प्रतीक है: भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा 18 अगस्त को सामुदायिक भवन, पंडरिया में तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र की 2500 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम में महिलाओं के मनोरंजन के लिए सामूहिक एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था जिसमें उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

विधायक भावना बोहरा ने प्रतियोगिता में विजयी महिलाओं को सम्मानित कर तीज पर्व की अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दी, वहीं उनके साथ बड़े ही उत्साह व विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता कर उत्साह के साथ उत्सव को मनाया। कार्यक्रम में सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने वाली समूह की महिलाओं को 11,000 रुपए, द्वितीय स्थान को 5,100 रुपए, तृतीय स्थान को 2,100 रुपए एवं ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया। इसी तरह एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान को 5,100 रुपए, द्वितीय स्थान को 2,100 रुपए, तृतीय स्थान को 1,100 रुपए एवं ट्रॉफी से पुरस्कृत कर बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भावना बोहरा ने



कहा कि तीजा पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति, परंपरा एवं नारी शक्ति के प्रतीक पर्व के रूप में बड़े ही उल्लास के साथ मनाया जाता है। यह पर्व नारी शक्ति, संवेदना, समर्पण और स्नेह का पर्व है जहाँ महिलाएं अपने पति के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए कठिन व्रत करती हैं जो हमारी भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण परंपरा है। तीजा में सुहागन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु जीवन की कामना लेकर शिव-पार्वती की पूजा करती हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे धर्म में मान्यता है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता इसी मान्यता का अनुसरण करते हुए छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार भी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिमाह 1000 रुपए की राशि महतारी वंदन योजना के माध्यम से उनके खातों में हस्तांतरित कर रही है। तीज केवल एक धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर का भी प्रतीक है। यह पर्व हमें हमारी जड़ों से जोड़े रखता है और नई पीढ़ी को हमारी परंपराओं और मूल्यों से परिचित कराता है।

यह त्यौहार सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है, क्योंकि इसमें हर वर्ग और समुदाय की महिलाएँ एक साथ मिलकर उत्सव मनाती हैं। यह पर्व हमें नारी शक्ति, आत्मविश्वास और एकता का संदेश देता है। इस अवसर पर भाजपा कबीरधाम जिला एवं पंडरिया विधानसभा महिला मोर्चा की पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, समस्त मंडल, मोर्चा व प्रकोष्ठ की पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

दोहरे हत्याकाण्ड का अपराध कबूल करते आरोपी ने पिपरिया थाना में किया आत्मसमर्पण

# जमीन बंटवारा विवाद में बेटे ने पिता व बुआ को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम इंदौरी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां जमीन बंटवारे के विवाद ने पारिवारिक झगड़े का रूप ले लिया और बेटे ने अपने पिता और बुआ की सब्बल मारकर निर्मम हत्या कर दी। इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है।

बताया जाता है कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी खुद पिपरिया थाना पहुंच गया और अपना अपराध कबूल करते हुए अपने आप को पुलिस के हवाले कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपरिया थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम इंदौरी निवासी रामकुमार काठले आयु 38 वर्ष का लम्बे समय से जमीन बंटवारे को लेकर अपने पिता नारायण काठले और बुआ धरमीन बाई से विवाद चल रहा था।

बताया जाता है कि बीते रविवार की रात भी रामकुमार का जमीन बंटवारे को लेकर अपने पिता तथा बुआ से विवाद शुरू हो गया और इसी विवाद के बीच रामकुमार ने अपना आपा खोते हुए सब्बल से अपने पिता नारायण काठले और बुआ धरमीन बाई पर प्राणघातक हमला कर दिया जिससे गंभीर चोट आने से दोनो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि इस दोहरे हत्याकाण्ड की भनक गांव में फैलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई। इससे पहले की घटना की जानकारी पिपरिया पुलिस तक पहुंचती आरोपी रामकुमार ने स्वयं पिपरिया थाना में पहुंचकर दोहरे हत्याकांण्ड का अपराध कबूल कर आत्म समर्पण कर लिया। वहीं घटना की जानकारी प्रार्थी हरिचन्द्र काठले द्वारा भी पिपरिया पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देहाती नालसी दर्ज की और अपराध क्रमांक 00/2025, धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपी गिरफ्तार, पुलिस कर रही जांच



पुलिस ने आरोपी रामकुमार काठले को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कश्यप के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पंचनामा और देहाती मर्ग किया और अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात निकलकर सामने आई है कि पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर आरोपी रामकुतार काठले का उसके पिता नारायण काठले और बुआ धरमीन बाई से लम्बे समय से विवाद चल रहा था और इसी विवाद ने रविवार को खूनी रूप ले लिया।

# जिले में एनएचएम कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिलेभर में कार्यरत एनएचएम ने मुख्य रूप से संविलियन, स्थाईकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, कार्य मूल्यांकन में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में सीट आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल व अन्य अवकाश, स्थानांतरण नीति और 10 लाख के कैशलेस चिकित्सा बीमा से जुड़ी मांगों को लेकर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। बताया जाता है कि वर्तमान में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाने वाले जिलेभर के सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत करीब 467 एनएचएम के अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाने से, हड़ताल के पहले दिन से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका विपरीत प्रभाव दिखना प्रारंभ हो गया और जिले में संचालित करीब 80 प्रतिशत सरकारी उप स्वास्थ्य केन्द्रों की चिकित्सा सेवाएं प्रभावित रही। इसके अलावा जिला चिकित्सालय सहित सामूहिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी हड़ताल का असर देखने को मिला। जिसका सीधा खामियाजा मरीजों को उठाना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 16000 से अधिक



कर्मचारियों ने सरकार की उदासीनता और अनसुनी मांगों से त्रस्त होकर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया था और एनएचएम कर्मचारी संघ ने इस संबंध में कलेक्टर, सीएमएचओ, सिविल सर्जन और बीएमओ को बकायदा ज्ञापन सौंपकर इसकी सूचना भी दी थी लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि शासन-प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने कर्मचारियों की इस सूचना और उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया। नतीजतन कर्मचारियों ने 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार एनएचएम कर्मचारियों की इस हड़ताल का कबीरधाम जिले में भी व्यापक असर देखने को मिलेगा क्योंकि यहां जिला मुख्यालय कवर्धा से लेकर शहरी, ग्रामीण और वनांचल ईलाकों की सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं इन्हीं एनएचएम कर्मचारियों के कंधों पर ही टिकी हुई है।

### जिले के करीब 80 प्रतिशत उप स्वास्थ्य केन्द्रों में असर

छत्तीसगढ़ एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिलेभर में कार्यरत एनएचएम ने मुख्य रूप से संविलियन, स्थाईकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, कार्य मूल्यांकन में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में सीट आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल व अन्य अवकाश, स्थानांतरण नीति और 10 लाख के कैशलेस चिकित्सा बीमा से जुड़ी मांगों को लेकर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। बताया जाता है कि वर्तमान में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाने वाले जिलेभर के सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत करीब 467 एनएचएम के अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाने से, हड़ताल के पहले दिन से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका विपरीत प्रभाव दिखना प्रारंभ हो गया और जिले में संचालित करीब 80 प्रतिशत सरकारी उप स्वास्थ्य केन्द्रों की चिकित्सा सेवाएं प्रभावित रही।

# नो-एंट्री में घुसी मॉडिफाइड जीप जब्त आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर कवर्धा शहर के मध्य स्थित राधा-कृष्ण मंदिर एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

इस दौरान एक मॉडिफाइड खुली जीप के चालक ने नो-एंट्री और नो-पार्किंग जोन में वाहन घुसाकर या ता या त व्यवस्था के साथ मंदिर व्यवस्था और शांतिपूर्ण चल रहे कार्यक्रम को बाधित करने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही कबीरधाम पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत कार्रवाई की और वाहन को पकड़ लिया। पुलिस द्वारा मॉडिफाइड जीप को जब्त कर लिया गया है तथा वाहन चालक योगीराज उर्फ लल्लू ठाकुर और सोमनाथ परिहार को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। साथ ही, वाहन के विरुद्ध धारा 182A(4), 184, 190(2), 119(2) मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उसे सीजेएम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। जहां उसे अधिक से अधिक जुर्माना राशि से दंडित करने निवेदन किया जा रहा है।




# बिरकोना में साहू समाज ने कृष्ण जन्माष्टमी पर सांस्कृति कार्यक्रम आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर साहू समाज बिरकोना द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत कवर्धा के सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना एवं भजन कीर्तन के साथ की गई। सांस्कृतिक संध्या में श्री रामप्रिय मानस मंडली ने नृत्य, गीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी जिसने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान बच्चों को उनकी शैक्षणिक एवं अन्य उपलब्धियों के लिए मुख्य अतिथि श्री साहू द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए डॉ. वीरेन्द्र साहू ने कहा कि बच्चों को शिक्षा, संस्कार और समाज सेवा के मार्ग पर



निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए और यह हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होने कहा कि पालकों, शिक्षकों और समाज का ये दायित्व है कि वह नई पीढ़ी को शिक्षित के साथ संस्कारवान बनाए और उन्हें समाज व देश के प्रति उनके कर्तव्यों व दायित्वों का बोध कराए। इस अवसर पर मुख्य रूप से लेखूराम साहू अध्यक्ष साहू समाज, फलित साहू उपाध्यक्ष साहू समाज, मनोज कुमार साहू, सुनीता साहू, रामअवतार साहू, रामाधार साहू, तिलकराम साहू, जगनु राम साहू, संतोष साहू, तिरथराम साहू, भारत राम साहू,भागीरथी साहू, पुनुराम साहू, नेतराम साहू, तोखनराम साहू, तामेश्वर साहू जनपद सदस्य, झम्मन साहू, भाईलाल साहू, लक्ष्मण साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग, ग्रामीणजन तथा स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे।

# प्रतियोगी परीक्षार्थियों की काउंसिलिंग के लिए 19 से 21 अगस्त तक चिकित्सकीय जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों को काउंसलिंग के लिए आवश्यक फिटनेस प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के लिए जिला चिकित्सालय कबीरधाम में विशेष व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत जिला चिकित्सालय कबीरधाम में 19 अगस्त से 21 अगस्त 2025 तक, अर्थात मंगलवार, बुधवार एवं गुरुवार को जिला मेडिकल बोर्ड की टीम द्वारा पात्र विद्यार्थियों की चिकित्सकीय जांच कर फिटनेस प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को समय पर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के लिए यह विशेष सुविधा सुनिश्चित की गई है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रमाण पत्र निर्गमन की समस्त प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुगम रहे, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय कबीरधाम ने बताया कि निर्धारित तिथियों में आने वाले सभी विद्यार्थियों की संपूर्ण चिकित्सकीय जांच कर आवश्यकतानुसार प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

कवर्धा कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई ढाबा संचालकों में मचा हड़कंप

# ग्राहकों को अवैध शराब परोसने वाले पांच ढाबा मालिक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के ढाबों में ग्राहकों को बैठाकर अवैध ढंग से शराब परोसने वाले ढाबा संचालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से अवैध शराब भी बरामद की है। इस संबंध में कवर्धा कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से इस बात की सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के कुछ ढाबों में संचालक द्वारा ग्राहकों को बैठाकर अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा डीएसपी कृष्णा चंद्राकर एवं आशीष शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना कवर्धा पुलिस द्वारा 17 अगस्त की रात अवैध मदिरा के



विरूद्ध विशेष अभियान चलाते हुए रामनगर वार्ड क्रमांक 01, इण्डियन ढाबा में दबिस देकर ग्राहकों को बैठाकर अवैध रूप से शराब पिलाने और बेंचने के आरोप में आरोपी राहुल सोनवानी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 363/2025, धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध शराब जप्त की है। इसी प्रकार अपराध क्रमांक 364/2025, धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी पवन देवांगन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, राजा ढाबा नेवारी तिराहा में शराब पिलवाते हुए मदिरा सहित गिरफ्तार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अपराध क्रमांक 365/2025, धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी महेश राजपूत पालीपारा, पंजाबी ढाबा ग्राम जोराताल में शराब पिलवाते हुए मदिरा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अपराध क्रमांक 366/2025, धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी जोगी बंजारे को भीमपुरी, मामा भांचा ढाबा रायपुर-राजनांदगांव रोड बायपास में ग्राहकों अवैध रूप से शराब पिलवाते हुए मदिरा सहित गिरफ्तार किया गया है। वहीं अपराध क्रमांक 367/2025, धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी देवराज उर्फ पप्पु ठाकुर को ठाकुरपारा, पप्पु ठाकुर ढाबा रायपुर-राजनांदगांव रोड बायपास में अवैध ढंग से शराब पिलवाते हुए मदिरा सहित गिरफ्तार किया गया है। सभी मामलों में आरोपियों के कब्जे से देशी प्लेन मदिरा की शीशियां, शराब गंधयुक्त खाली बोतलें एवं डिस्पोजल गिलास जप्त किए गए है। चूंकि प्रकरण जमानतीय थे, इसलिए सक्षम जमानतदार प्रस्तुत करने पर आरोपियों को मुचलका पर रिहा किया गया।

# 845 नव पदोन्नत प्राचार्यों के पदांकन के लिए 20 से 23 अगस्त तक रायपुर में ओपन काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राचार्य (टी-संवर्ग) के पदोन्नति आदेश जारी कर दिए गए हैं। इन पदोन्नत प्राचार्यों के पदांकन हेतु ओपन काउंसिलिंग का आयोजन 20 अगस्त से 23 अगस्त 2025 तक शासकीय शिक्षा महाविद्यालय परिसर, शंकर नगर रायपुर में किया जाएगा। इस काउंसिलिंग में कुल 845 नव पदोन्नत प्राचार्य शामिल होंगे। काउंसिलिंग का समय प्रतिदिन प्रातः 10.00 बजे से निर्धारित है। प्रत्येक दिन प्रथम पाली में 150 और द्वितीय पाली में 150 इस प्रकार प्रत्येक दिन कुल 300 अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में शामिल किया जाएगा। काउंसिलिंग की तिथि एवं समय की जानकारी पदोन्नत प्राचार्यों की सूची तथा रिक्त पदों की सूची स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। काउंसिलिंग प्रक्रिया में प्राथमिकता का निर्धारण वरिष्ठता और नियमावली के अनुसार किया जाएगा। व्याख्याता, व्याख्याता एलबी., प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पदोन्नति आदेश के लिए काउंसिलिंग हेतु प्राथमिकता निर्धारण (प्रथम चार का क्रम निर्धारण) व्याख्याता, व्याख्याता (एलबी), प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला की वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति आदेश के सरल क्रमांक के अनुसार एक अनुपातिक सूची (व्याख्याता, व्याख्याता (एलबी) प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला) 2:1:1 में तैयार की गई है। उपरोक्त अनुपात भर्ती तथा पदोन्नति नियम के अनुसार व्याख्याता 65 प्रतिशत (व्याख्याता 70 प्रतिशत तथा व्याख्याता एल.बी. का कोटा 30 प्रतिशत है) जबकि प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला) 25 प्रतिशत के आधार पर निर्धारित है। सर्वप्रथम एक वर्ष से कम अवधि के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले व्याख्याता, व्याख्याता एल.बी., प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला को वरिष्ठता के आधार पर संस्था चयन हेतु प्राथमिकता दी जाएगी। काउंसिलिंग प्रक्रिया में दिव्यांग (महिला एवं पुरुष) को पहले प्राथमिकता दी जाएगी। तत्पश्चात महिला तथा इसके बाद पुरूष वर्ग को वरिष्ठता के क्रम में संस्था चयन हेतु प्राथमिकता दी जाएगी।